वाणिज्य में स्नातक
बी. कॉम(एफ. वाई. यू. पी.)

बी. सी. ओ. सी. -132: व्यावसायिक संगठन और प्रबंध

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 31st दिसम्बर 2026

प्रथम सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

बी. कॉम(एफ. वाई. यू. पी.)

बी. सी. ओ. सी. -132: व्यावसायिक संगठन और प्रबंध

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. सी. ओ. सी. -132**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**व्यावसायिक संगठन और प्रबंध**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी.सी.ओ.सी.-132/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – क (इस खंड में 10-10 अंकों के दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं।)

1. व्यवसाय की अवधारणा तथा उसकी आवश्यक विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। व्यवसाय, पेशा एवं रोजगार के बीच स्पष्ट अंतर बताइए। (10)
2. डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, स्टार्ट-अप्स तथा सेवा क्षेत्र जैसे उभरते व्यावसायिक अवसरों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। (10)
3. प्रबंधकीय नियंत्रण क्या है? नियंत्रण की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए तथा प्रभावी नियंत्रण प्रणाली के महत्व पर चर्चा कीजिए। (10)
4. प्रमुख प्रेरणा सिद्धांतों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए तथा आधुनिक संगठनों में उनकी प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए। (10)
5. संगठन की अवधारणा का वर्णन कीजिए। प्रबंधन में संगठनात्मक संरचना एवं विभागीकरण के महत्व पर चर्चा कीजिए। (10)

खण्ड – ख (इस खंड में 6-6 अंकों के मध्यम उत्तरीय प्रश्न हैं।)

6. भारत में व्यवसाय की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने में तकनीकी नवाचार एवं कौशल विकास की भूमिका पर चर्चा कीजिए। **(6)**
7. व्यवसाय स्वामित्व के विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए तथा उनके सापेक्ष गुणों एवं सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए। **(6)**
8. संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति में विपणन तथा मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व की व्याख्या कीजिए। **(6)**
9. किसी संगठन में संचार प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। प्रभावी संचार में आने वाली प्रमुख बाधाओं पर चर्चा कीजिए तथा उनके समाधान सुझाइए। **(6)**
10. उपयुक्त उदाहरणों सहित आर्थिक एवं गैर-आर्थिक क्रियाओं की व्याख्या कीजिए। **(6)**

खण्ड – ग (इस खंड में 5-5 अंकों के लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।)

11. निजी क्षेत्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। **(5)**
12. अधिकार, दायित्व एवं जवाबदेही (उत्तरदायित्व) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। **(5)**
13. नेतृत्व क्या है? किसी भी दो नेतृत्व शैलियों की व्याख्या कीजिए। **(5)**
14. टेलर के प्रबंधन के सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए। **(5)**